**वियोज्य DETACHABLE**

# लोक प्रशासन (प्रश्न-पत्र I)

# PUBLIC ADMINISTRATION (Paper I)

| निर्धारित समय : तीन घण्टे<br>Time Allowed : Three Hours | अधिकतम अंक : 250<br>Maximum Marks : 250 |
|---|---|

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

**कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।**

इसमें आठ प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं ।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है का अनुसरण किया जाना चाहिए ।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

**Please read each of the following instructions carefully before attempting questions.**

There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.

Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, any **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

ABHYAS IAS ACADEMY Basics to Brilliance

## खण्ड 'A' SECTION 'A'

1. निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about 150 words each : 10×5=50

1.(a) ''लोक प्रशासन की विद्या के विस्तार का निर्धारण, प्रशासनिक तंत्र क्या करता है, के द्वारा किया जाता है ।'' क्या इसका अर्थ यह है कि इस विद्या का विस्तार सीमा-हीन है ? व्याख्या करें ।

"The scope of the discipline of Public Administration is determined by what an administrative system does." Does it mean that the scope of this discipline is boundaryless ? Explain. 10

1.(b) ''मैक्स वेबर के अधिकारितंत्रीय विश्लेषण में, युक्तिसंगतता तथा दक्षता की संकल्पनाएं अंतर्ग्रथित हैं ।'' टिप्पणी कीजिए ।

"The concepts of rationality and efficiency are intertwined in the bureaucratic analysis of Max Weber." Comment. 10

1.(c) ''अपने पूर्ववर्ती नवलोक प्रबन्धन की तुलना में नवलोक सेवा उपागम एक सुधार है ।'' चर्चा कीजिए ।

"New Public Service approach is an improvement over its predecessor, New Public Management." Discuss. 10

1.(d) ''एक नेता एक जन-विकासक होता है''(नेपोलियन) । अधीनस्थों के विकास के कौन से पक्ष किसी नेता द्वारा सकारात्मक ढंग से प्रभावित किए जा सकते हैं ? चर्चा कीजिए ।

"A leader is a people's developer" (Napoleon). Which aspects of subordinates' development can be positively influenced by a leader ? Discuss. 10

1.(e) ''हरबर्ट साइमन की पुस्तक **एडमिनिस्ट्रेटिव बिहेवियर** लोक प्रशासन के अध्ययन के शास्त्रीय तथा व्यवहारवादी उपागमों का संश्लेषण प्रस्तुत करती है ।'' समझाएं ।

"Herbert Simon's book *Administrative Behavior* presents a synthesis of the classical and behavioural approaches to the study of Public Administration." Explain. 10

2.(a) ड्वाइट वाल्डो अपनी पुस्तक, **द एडमिनिस्ट्रेटिव स्टेट** में ज़ोर दे कर उल्लेख करते हैं कि प्रशासनिक थियोरी की जड़ें राजनीतिक थियोरी में स्थित होती हैं । वाल्डो के मत का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए ।

Dwight Waldo in his book, *The Administrative State* emphatically mentions that the roots of administrative theory lie in political theory. Critically examine Waldo's contention. 20

2.(b) ''नव लोक प्रशासन के द्वारा समर्थित दृश्यप्रपंचशास्त्र (फिनॉमोनोलोजिकल) उपागम ने लोक प्रशासन में थियोरी निर्माण के मार्ग को अवरोधित कर दिया है ।'' टिप्पणी करें ।

"The Phenomenological Approach advocated by the New Public Administration has obstructed the path of theory building in Public Administration." Comment. 15

2.(c) लोक-निजी सहभागिताओं (PPP) में सार्वजनिक क्षेत्रक केन्द्रित तथा बाज़ार-केन्द्रित परिप्रेक्ष्यों की अत्यावश्यक विशेषताओं पर चर्चा कीजिए तथा दोनों की पारस्परिक तुलना भी कीजिए ।

Discuss the essential characteristics of public sector-centred and market-centred perspectives in Public Private Partnerships and also compare the two. 15

3.(a) ''संप्रेषण 'सरकार की तंत्रिकाओं' का निरूपण करता है'' (कार्ल डायश) । सरकार के अन्दर कार्यरत सम्प्रेषण-तंत्र को किस प्रकार अधिक प्रभावी, संवेदनशील तथा अभिप्रेरक बनाया जा सकता है ?

"Communication represents the "Nerves of Government" (Karl Deutsch). How can the communication system in the government be made more effective, responsive and motivational ? 20

3.(b) ''राजनीतिक तथा प्रशासनिक तंत्रों का सम्बन्ध पारस्परिकता लिए हुए होता है ।'' चर्चा कीजिए ।

"Political and administrative systems have reciprocal relationship." Discuss. 15

ABHYAS IAS ACADEMY Basics to Brilliance

3.(c) ''एक प्रभावी प्रबन्धन सूचना प्रणाली (एम.आइ. एस.) सफल मुख्यालय-क्षेत्र सम्बन्धों की कुन्जी है।'' टिप्पणी करें।

"An effective Management Information System (MIS) is the key to successful headquarter-field relationships." Comment. 15

4.(a) ''संगठन का प्रकार, सार्वजनिक उद्यम की सफलता को प्रभावित करता है, परंतु प्रकार का चयन हमेशा ही जटिल बना रहा है।'' विभागों, निगमों, कंपनियों और बोर्डों की तुलनात्मक अच्छाइयों और परिसीमाओं के संदर्भ में, इस कथन पर चर्चा कीजिए। उदाहरण प्रस्तुत कीजिए।

"Form of an organisation influences the success of a public enterprise, but the choice of a form has always remained problematic." Discuss the statement in the context of the comparative merits and limitations of departments, corporations, companies and boards. Give illustrations. 20

4.(b) ''चैस्टर बरनार्ड का 'योगदान-संतुष्टि संतुलन' का माडल अभी भी संगठनात्मक अभिप्रेरण का एक तर्कसंगत माडल माना जाता है।'' क्या आप इस कथन से सहमत हैं ? तर्क दें।

"Chester Barnard's model of 'Contribution-Satisfaction Equilibrium' is still considered a logical model of organisational motivation." Do you agree ? Give arguments. 15

4.(c) ''लोक प्रशासन का राजनीतिक उपागम नागरिकों को निर्वाचित पदधारियों के माध्यम से प्रतिनिधिकता, राजनीतिक संवेदनशीलता तथा जवाबदेहिता के मूल्यों पर बल देता है।'' (डेविड एच. रोज़ेनब्लूम)। टिप्पणी कीजिए।

"The political approach to Public Administration stresses on the values of representativeness political responsiveness and accountability through elected officials to the citizenry" (David H. Rosenbloom). Comment. 15

## खण्ड 'B' SECTION 'B'

5. निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about 150 words each : 10×5=50

5.(a) ''प्रशासनिक विधि की यात्रा ए. वी. डायसी से काफी आगे निकल चुकी है।'' टिप्पणी कीजिए।

"The Journey of Administrative Law has moved much beyond A. V. Dicey." Comment. 10

5.(b) **डिक्लाइन एण्ड फॉल ऑफ द रोमन एम्पायर** के लेखक एडवर्ड गिबन ने कहा था : ''भ्रष्टाचार, संवैधानिक स्वतंत्रता का एक सर्वाधिक अमोघ लक्षण।'' इस कथन का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

Edward Gibbon, the author of *Decline and Fall of the Roman Empire* remarked : "Corruption, the most infallible symptom of Constitutional liberty." Critically examine this statement. 10

5.(c) ई-शासन ने प्रशासनिक तंत्र को किस सीमा तक नागरिक-केन्द्रिक बनाया है ? क्या ई-शासन प्रणाली को और अधिक सहभागी बनाया जा सकता है ?

To what extent has e-governance made the administrative system more citizen-oriented ? Can it (e-governance) be made more participative ? 10

5.(d) महिलाओं के विकास का मुद्दा विकास में महिलाओं के मुद्दे से निकटता से जुड़ा हुआ है। सामाजिक-आर्थिक विकास के प्रक्रम में महिलाएँ बराबर की साझेदार किस प्रकार बन सकती हैं ?

"The issue of development **of** women is closely related to the issue of women **in** development." How can women become equal partners in the process of socio-economic development ? 10

ABHYAS IAS ACADEMY Basics to Brilliance

5.(c) आम तौर पर प्रशासनिक विकास का प्रक्रम सामाजिक-आर्थिक विकास के प्रक्रम से धीमा होता है ।'' प्रशासनिक विकास की गति को किस प्रकार तीव्रतर बनाया जा सकता है ?

"The process of administrative development is generally slower than the process of socio-economic development." How can the speed of administrative development be made faster ? 10

6.(a) अधिकारीतंत्रों को विकासोन्मुखी होने के लिए, उनको नवाचारी, लचीला, नागरिक-केन्द्रिक और परिणाम-अभिमुखी होना आवश्यक है, लेकिन लोकतांत्रिक प्रणाली में वे इन गुणों को आत्मसात् करने में सुस्त है । क्या हमारे लिए अधिकारीतंत्र के पारंपरिक माडलों से आगे निकल जाने की और वैकल्पिक संरचनाओं को बनाने की आवश्यकता है ? सविस्तार स्पष्ट कीजिए ।

In order to be development-oriented, bureaucracies need to be innovative, flexible, citizen-centric and result-oriented, but they are slow in imbibing these virtues in a democratic system. Do we need to go beyond the traditional models of bureaucracy and create alternative structures ? Elaborate. 20

6.(b) ''प्रशासनिक मूल्यों का तब तक कोई मूल्य नहीं होता जब तक कि शासकीय तंत्र के समस्त सहभागियों द्वारा उन्हें मूल्यवान नहीं माना जाता है ।'' टिप्पणी कीजिए ।

"Administrative values have no value unless they are valued by all stakeholders of the governance system." Comment. 15

6.(c) पार्श्विक प्रवेश (लेटरल एन्ट्री) सिविल सेवा में आत्मतोष का एक प्रतिकारक है ।'' विवेचना करें ।

"Lateral entry is an antidote to the complacency in civil service." Discuss. 15

7.(a) संधारणीय (सस्टेनेबल) लक्ष्यों को प्राप्त करने में स्वजातिकेन्द्रिकता (ऐथनोसैंट्रिज़्म) किस प्रकार विकास प्रशासन पर प्रभाव डालती है ? उदाहरणों के साथ तर्क दीजिए ।

How does ethnocentrism impact development administration in achieving sustainable goals ? Argue with examples. 20

7.(b) ''देश की मौद्रिक नीति उसके विकास प्रक्रम में सहायक हो सकती है या बाधक बन सकती है ।'' चर्चा कीजिए ।

"Monetary policy of a country can help or hinder its development process." Discuss. 15

7.(c) ''सुचारु निष्पादन लेखापरीक्षण व्यवस्थाबद्ध निष्पादन अथवा परिणाम-बजटन के बिना असम्भव है ।'' दोनों के बीच सम्बन्धों को समझाएँ ।

"Sound Performance Auditing is impossible without systematic Performance or Outcome Budgeting." Explain the relationship between the two. 15

ABHYAS IAS ACADEMY Basics to Brilliance

8.(a) ''सम्पूर्ण विश्व में प्रशासनिक तंत्रों को केवल उनके अपने-अपने ऐतिहासिक तथा सामाजिक परिवेशों के संदर्भ में ही समझा जा सकता है ।'' उदाहरण देते हुए, इस कथन की व्याख्या कीजिए ।

"Administrative systems across the world can be understood only in their respective historical and social contexts." Explain the statement giving examples. 20

8.(b) वर्तमान में प्रशासनिक प्रशिक्षण लोक सेवकों की अभिवृत्तियों तथा व्यवहार को परिवर्तन करने से अधिक उनकी दक्षता-अभिवृद्धि पर संकेन्द्रण कर रहा है । इस अंतराल को पाटने के लिये आप किस प्रकार के प्रशिक्षण का सुझाव देंगे ? विवेचना करें ।

Currently, administrative training focusses more on improving efficiency than on transforming the attitudes and behaviour of civil servants. What type of training will you suggest to fill this gap ? Elaborate. 15

8.(c) ''लोक नीति के निरूपण, निष्पादन तथा मूल्यांकन में जनता को सक्रिय रूप से सम्मिलित किए बिना, वह लोक नीति केवल दिखावा है ।'' इस विसंगति को किस प्रकार दूर किया जा सकता है ?

"A public policy without the active involvement of people in its formulation, implementation and evaluation is only a facade." How can this anomaly be corrected ? 15

---